# पांच लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू होंगी

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी में पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी। यह आयोजन इस साल नवंबर में होना प्रस्तावित है। ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी की सफलता के लिए चीन, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, यूएई, कतर और कनाडा में अंतर्राष्ट्रीय रोड शो भी होंगे।

मंत्री नंद गोपाल नंदी की अध्यक्षता सोमवार को हुई बैठक में इस पर सहमति बनी। मंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास विभाग के सभी अधिकारी पूरी क्षमता के साथ कार्य करें एवं प्रदेश में औद्योगिक विकास को और गति प्रदान करें। इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरण आनन्द ने बताया कि 371 कम्पनियां चाइना से आना चाहती हैं। यूपी लाने के लिए इनसे मीटिंग का प्रयास किया जा रहा है। इन्वेस्ट इंडिया द्वारा भी निवेश के लिए लीड्स दिए जा रहे हैं। प्रत्येक लीड के लिए समर्पित रिलेशनशिप मैनेजर निर्धारित किए गए हैं। पांच लाख करोड़ का प्रस्ताव तैयार है। जिसे नवंबर तक 10 लाख करोड़ या और अधिक पहुंचने की संभावना है

## ओसाका वर्ल्ड एक्सपो में इन्वेस्ट यूपी पवेलियन बना आकर्षण का केंद्र

**ओसाका/लखनऊ हिटी।** ओसाका में चल रहे वर्ल्ड एक्सपो 2025 में उत्तर प्रदेश ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए वैश्विक मंच पर भारत की विकास गाथा को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। यूपी पवेलियन निवेशकों और आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना गया है। यूपी पवेलियन में संवाद करते हुए वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रीन हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है।

## लंबित निवेश प्रस्ताव तय समय सीमा में निस्तारित कराए जाएं : मुख्य सचिव

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि प्रस्तावित निवेश योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए प्रक्रियात्मक देरी को समाप्त किया जाना चाहिए। लंबित निवेश प्रस्ताव तय समय सीमा में निस्तारित कराए जाएं। मुख्य सचिव ने सोमवार को विभिन्न विभागों, की बैठक में यह बातें कहीं। मुख्य सचिव ने निवेश संबंधी 15 प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की और सभी संबंधित विभागों को लंबित समस्याओं को तय समय-सीमा में निस्तारित करने के निर्देश दिए।